दैनिक भास्कर

गुरूवार २७ मार्च २०२५

# पर्यावरण का जतन करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

## पर्यावरण विशेषज्ञ डॉ. श्रीनिवास वड़गाबलकर सम्मानित




भास्कर न्यूज़|पुणे

पर्यावरण का जतन करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है और हमें इसे कर्तव्य की भावना के साथ करना चाहिए। यह वक्तव्य वरिष्ठ पर्यावरण विशेषज्ञ और राम नदी के अभ्यासक डॉ. श्रीनिवास वडगाबलकर ने दिया। राम नदी के साथ संबंध बनाने, इसकी जैव विविधता का अध्ययन करने और युवा पीढ़ी को इसे स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'राम नदी पुनरुद्धार अभिमान' ने हाल ही में पांच साल पूरे किए हैं। इस अवसर पर किर्लोस्कर वसुंधरा द्वारा आयोजित 5वें ऑनलाइन 'किर्लोस्कर वसुंधरा राम नदी महोत्सव' के समापन समारोह में वरिष्ठ पर्यावरण विशेषज्ञ, लेखक एवं विद्वान डॉ. श्रीनिवास वडगाबलकर को सम्मानित किया गया। प्रथम राम नदी सेवक पुरस्कार माधव गाडगिल द्वारा उन्हें प्रदान किया गया। पत्रकार भवन में आयोजित कार्यक्रम में फैसिलिटेटर आनंद चितले, किर्लोस्कर वसुंधरा के संरक्षक डॉ. गुरुदास नूलकर और 'किर्लोस्कर वसुंधरा' के संयोजक वीरेंद्र चित्राव आदि उपस्थित थे। डॉ. माधव गाडगिल ने कहा कि जब कोई नदी प्रदूषित होती है तो इससे सिर्फ जल प्रदूषण ही नहीं होता, बल्कि उसमें मौजूद पौधों और जानवरों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन तत्वों से होने वाले प्रदूषण का अध्ययन करना आवश्यक है।

Service By: Vidisha Media Network- 9881736077